हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 6 जुलाई 2025

06 जिले में अब वैध कॉलोनी ही की जाए विकसित...


09 शहर के बाजारों सहित बस्तियां और सरकारी...




### श्री सदाशिव शंकरजी की मूर्ति का पूजा अर्चना के साथ लोकार्पण किया

# धर्म सनातन की ध्वजा लेकर देश को आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है, ईश्वर की कृपा और संतों के आशीर्वाद से प्रदेश समृद्ध खुशहाल : उप मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

धर्म सनातन की ध्वजा लेकर देश को आगे बढ़ाने का कार्य हमारे देश के संत कर रहे हैं, और ईश्वर की कृपा तथा संतों के आशीर्वाद से देश और प्रदेश समृद्ध एवं खुशहाल बन रहे हैं। उक्त विचार उपमुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सागर में आयोजित संत श्री रविशंकर रावतपुरा सरकार के जन्मोत्सव कार्यक्रम में व्यक्त किए।

उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि तन, मन और जीवन को समर्पित करने वाला व्यक्ति ही संत बन सकता है, और यही कार्य हमारे संत श्री रविशंकर महाराज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धर्म सनातन की ध्वजा लेकर देश और प्रदेश को समृद्ध बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि रावतपुरा सरकार का संकल्प है कि 11 सदाशिव शंकर जी की मूर्तियाँ स्थापित की जाएंगी, जिनमें से सागर में 75 फीट ऊँची सदाशिव की मूर्ति का लोकार्पण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तेरा तुझको अर्पण, मेरा क्या लागे की भावना की तर्ज पर ही सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि संतों की वाणी पर कोई तर्क नहीं किया जा सकता; उनकी वाणी को श्रद्धा से ग्रहण कर उसे आगे बढ़ाने का कार्य किया जाना चाहिए। रावतपुरा सरकार द्वारा देशभर में 200 स्थानों पर शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण की संस्थाएँ संचालित की जा रही हैं। शिक्षा की संस्थाएँ खोलकर गरीबों को शिक्षित करने का कार्य कर समाज को नई दिशा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में संत-महात्माओं का वास है, इसलिए हमारा प्रदेश सुखी और समृद्ध है।




उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि रावतपुरा सरकार ने हमें दो मंत्र दिए हैं, जिन पर मैं चल रहा हूँ। पहला, मंदिरों को बेहतर बनाएं; और दूसरा, यदि कोई व्यक्ति आपके समक्ष अपनी समस्या लेकर आए, तो उसका कार्य तत्काल करें। इससे हमें आत्मिक शांति मिलती है।

प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि आध्यात्मिक मार्ग, तपस्या और तप का मार्ग होता है, जिस पर चलना अत्यंत कठिन होता है। जो व्यक्ति इस मार्ग पर चलता है, वही महात्मा बनता है, क्योंकि तपस्या और तप से नई ऊर्जा प्राप्त होती है। इस ऊर्जा के सामने माया भी टिक नहीं पाती। उन्होंने बताया कि वर्ष 1990 में हम रावतपुरा सरकार के चरणों में पहुँचे और लगभग 10 से 11 वर्षों तक उनके आशीर्वाद और तपस्या का लाभ प्राप्त किया। उनकी तपस्या से मिली अनुशासन और ऊर्जा की सीख से आज मैं देश और प्रदेश की सेवा कर पा रहा हूँ। उन्होंने कहा कि मौन साधना भी एक बड़ी तपस्या होती है, और यह रावतपुरा सरकार में विद्यमान है। उन्होंने आगे कहा कि गुरु ने अपने शिष्यों को नियमों की पुस्तिका प्रदान की है, और सभी को उसी पुस्तिका के अनुसार भक्ति करनी चाहिए तथा नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी भक्ति स्वार्थ या लाभ की नहीं होनी चाहिए, बल्कि श्रद्धा और समर्पण की होनी चाहिए।

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि श्रद्धा, भक्ति और आस्था का महाकुंभ है रावतपुरा सरकार का जन्मोत्सव, प्रकटोत्सव। उन्होंने कहा कि इस महाकुंभ में रावतपुरा सरकार द्वारा जो 75 फीट ऊँची भगवान शंकर की मूर्ति स्थापित की गई है, उससे सागर की माताओं, बहनों और श्रद्धालुओं को मकरोनिया-खुरई रोड के साथ-साथ शहर के मध्य भगवान शंकर की पूजा-अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

रहली विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि रावतपुरा सरकार धाम में जो कार्य हुए हैं, वे यूरोप और अमेरिका से भी श्रेष्ठ हैं। उन्होंने कहा कि धर्म की बात तो सभी करते हैं, पर यदि हम सभी धर्मों के साथ सेवा और भक्ति का मार्ग अपनाएं तो भारत निश्चित ही विश्वगुरु बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि रावतपुरा सरकार चिकित्सा, तकनीक और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करते हुए गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वेदांती में सदाशिव की मूर्ति की स्थापना से भक्ति और पर्यटन का एक नया अध्याय प्रारंभ होगा। सरकार के भीतर अलौकिक ईश्वरीय ज्ञान विद्यमान है।

विधायक एवं पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले 25 वर्षों से हमें रावतपुरा सरकार का आशीर्वाद प्राप्त है, और उसी आशीर्वाद से हम नई ऊर्जा के साथ क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का तप, तपस्या और ज्ञान हम सभी को नई ऊर्जा प्रदान करता है। स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में महाराज जी द्वारा निरंतर सेवा का कार्य किया जा रहा है। संत हमारी आत्मा को प्रकाश देने का कार्य करते हैं। महाराज जी के चरणों में नमन करते हुए हम यही कामना करते हैं कि उनकी कृपा और आशीर्वाद सदैव बना रहे। उन्होंने कहा कि यदि किसी के जीवन में संत नहीं हैं, तो वह जीवन व्यर्थ है, क्योंकि बिना संत के जीवन में मार्गदर्शन नहीं मिलता। हमें संतों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि मात्र 9 वर्ष की आयु में रावतपुरा सरकार ने त्याग और साधना का मार्ग चुनते हुए धर्म, देश और समाज के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। संत श्री रावतपुरा सरकार एवं अन्य संतो के साथ सभी अतिथियों द्वारा श्री सदाशिव शंकरजी की मूर्ति का पूजा अर्चना के साथ लोकार्पण किया, तत्पश्चात परिसर में फलदार पौधे भी रोपे।

## फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र को निगमायुक्त ने किया निरस्त, होगी वैधानिक कार्रवाई

**सागर।** नगर निगम कार्यालय में गलत तरीके से जीवित व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने मृत्यु प्रमाण पत्र को निरस्त करते हुए संबंधित आवेदक के विरुद्ध जांचकर पुलिस में एफआईआर दर्ज करने की निर्देश दिए थे जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है तथा जांच उपरांत संबंधित आवेदक के विरुद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज की जाएगी। स्वच्छता अधिकारी एवं पंजीयक जन्म मृत्यु शाखा राजेश सिंह राजपूत ने बताया कि 5 दिसंबर 2023 को दीपा चढ़ार ने नगर निगम कार्यालय में आवेदन दिया था जिसमें उसने अपने पति कपिल कुमार चढार की मृत्यु दिनांक 13 नवंबर 2023 को होना बताया था, आवेदन के साथ संबंधित महिला ने समग्र आईडी आधार कार्ड भी संलग्न किए थे। जन्म मृत्यु शाखा द्वारा आवेदन को 6 दिसंबर 23 को पंजीकृत कर 7 दिसंबर 23 को मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया था। गलत तरीके से बनवाये गये इस मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में कपिल कुमार चढार की बहन दीपा चढार निवासी ग्राम बंधा चढोरी तहसील घुवारा द्वारा सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की गई थी जिसको गंभीरता से लेते हुए निगमायुक्त राजकुमार खत्री द्वारा जांच दल गठित कर जांच कराई गई जिसमें कपिल कुमार चढ़ार के जीवित रहते मृतक बताकर गलत तरीके से प्रमाण पत्र बनवाना पाया गया। जिसे निगमायुक्त ने 22 नवंबर 2024 को निरस्त करवाकर गोपालगंज थाना को संबंधित दोषियों के विरुद्ध जांच करने व पुलिस में एफआईआर कर वैधानिक कार्रवाई करने हेतु पत्र लिखा था, जिस पर पुलिस द्वारा कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने वाली आवेदक का नाम दीपा चढ़ार है जिसने आवेदन में पत्नी बताया था और शिकायतकर्ता भी दीपा चढ़ार है जो कपिल कुमार चढार की बहन हैं।




## पौधरोपण कर पेड़ बनने तक उनका संरक्षण करें : उप मुख्यमंत्री शुक्ला

**सागर।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का महत्वपूर्ण अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' पूरे देश में चल रहा है और उनकी मंशा अनुरूप हम सब पौधरोपण कर पेड़ बनायें। इससे बड़ा कोई पुण्य का काम हो ही नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान को हल्के में न लें और इस काम को औपचारिकता न निभायें, दिल से एक पेड़ मां के नाम अभियान को साकार कर प्रत्येक व्यक्ति पौधारोपण करे। जहां जगह मिले वहां पौधरोपण करें, ताकि इससे दूसरों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस अभियान में सबकी सहभागिता होना आवश्यक है। सागर के जिला अस्पताल परिसर में वृहद पैमाने पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी आदि की उपस्थिति में जिला अस्पताल परिसर में विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन कर बरगद, पीपल एवं नीम की त्रिवेणी का रोपण किया गया। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि भावनात्मक दृष्टि से हम सब मिलकर वृहद पैमाने पर पौधारोपण कर पेड़ बनने तक उनका संरक्षण अनिवार्य रूप से करें, तभी हमारा पर्यावरण सुरक्षित रह पायेगा और हमारे जीवन के लिये ऑक्सीजन मिलती रहेगी। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि हम सबने कोरोनाकाल की भयावह बीमारी को नजदीकी से देखा है और परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि इस प्रकार के दिन पुनः अब नहीं आये। उस दौरान पीड़ति व्यक्ति इधर-उधर ऑक्सीजन की तलाश में भटकते थे। इस दृश्य को हम सबने देखा और सुना था। इसलिये पेड़ों को न काटे और अधिक से अधिक पौध-रोपण कर पेड़ बनाकर उन्हें संरक्षित किया जाये।विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने इस अवसर पर कहा कि मां है तो मां के साथ और जिनकी मां न है तो वे मां की फोटो रखकर प्रत्येक व्यक्ति पौधा जरूर लगाये। साथ ही लगाये गये पौधे को संरक्षण कर उसे पेड़ बनायें। पर्यावरण का संरक्षण करने के उद्देश्य से अधिक से अधिक पेड़ लगाकर हमारी आने वाली पीढ़ी को ऑक्सीजन की कमी महसूस न हो। विधायक जैन ने कहा कि विकास के साथ विनाश न हो, इस पर भी विशेष ध्यान देना होगा।

### खबर संक्षेप

#### जिले में अब तक 191.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 191.0 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 295.7 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 145.7 मि.मी., जैसीनगर में 131.7 मि.मी., राहतगढ़ में 295.7 मि.मी., बीना में 170.2 मि.मी., खुरई में 239.4 मि.मी, मालथौन में 181.0 मि.मी., बण्डा में 155.4 मि.मी, शाहगढ में 223.0 मि.मी, गढ़ाकोटा में 192.6 मि.मी, रहली में 198.6 मि.मी, देवरी में 107.7 मि.मी. तथा केसली में 251.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

#### आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज

**सागर।** राज्य शासन द्वारा प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रहीं है। जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे है। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नही करा पाने वाले हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है। आयुष्मान कार्ड से लोगो को निजी अस्पतालों में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिल रही है। आयुष्मान कार्ड भविष्य में किसी भी प्रकार की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार होता हे। आयुष्मान कार्ड से वे निजी अस्पताल में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते है। राज्य शासन ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना चलाकर अनेक जरूरतमंद लोगो की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार सबित हुई है।

#### कारीगरों को सहायता देने पीएम विश्वकर्मा योजना

**सागर।** पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिये पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा। पहली बार में एक लाख, दूसरी बार में 2 लाख रूपये का सस्ता ऋण मिलेगा। प्रारंभिक प्रशिक्षण 5 से 7 दिन का और 15 दिन का दिया जायेगा।

## अविराज सिंह ने बेसरा में 1.78 करोड़ लागत से बन रहे 100 सीटर बालिका छात्रावास का भूमिपूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मालथौन

मालथौन के बेसरा में 1.78 करोड़ की लागत से निर्मित होने जा रहे 100 सीटर कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास भवन (बेसरा) का युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने भूमिपूजन किया। उन्होंने क्षेत्र की जनता को इस उपलब्धि के साथ ही प्रतिभाशाली विद्यार्थी को लैपटॉप क्रय हेतु 25-25 हजार रुपए प्रदेश सरकार द्वारा प्राप्त होने पर बधाई दी।

अपने नये छात्रावास का निर्माण कार्य आरंभ होने से उत्साहित छात्राओं को संबोधित करते हुए युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने कहा कि सौ छात्राओं को एक आधुनिक, सुविधाओं से लैस छात्रावास बेसरा में बन कर तैयार हो रहा है। इससे आसपास के अनेक ग्रामों की छात्राओं को पढ़ाई का योग्य वातावरण मिलेगा। इससे सबसे अच्छी बात यह होगी कि बहुत सी ऐसी छात्राएं जो आवागमन और सुरक्षित निवास की परेशानियों के कारण आगे का अध्ययन ही छोड़ देती हैं वे अपना आगे का अध्ययन जारी रखते हुए अपना भविष्य संवार सकेंगी। अविराज ने कहा कि हमारी बहिनें शिक्षा से ही अपने भाग्य को स्वयं लिख सकती हैं, स्वाबलंबी बन सकती हैं। उनके कारण उनका परिवार और आगे की पूरी पीढ़ियों का भाग्य भी बदल जाएगा। अविराज सिंह ने कहा कि बेटियों की शिक्षा के लिए हमारे प्रधानमंत्री मोदी हमारे मुख्यमंत्री डा मोहन यादव और आप सबके प्रिय नेता भूपेंद्र भैया लगातार सोचते हैं,काम करते हैं और नई सुविधाएं आप तक पहुंचाते हैं।




युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने कहा कि भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के 94 हजार ऐसे विद्यार्थियों को जिन्होंने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं उन्हें प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत सिंगल क्लिक के माध्यम से लैपटॉप क्रय हेतु 25 हजार राशि प्रदान की है। इसके लिए मैं सभी प्रतिभाशाली युवा छात्र-छात्राओं को बधाई देता हूँ साथ ही हमारे मुख्यमंत्रीमोहन यादव का भी अभिनंदन करता हूँ। जिन्होंने प्रदेश के 94 हजार छात्रों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की है। उन्होंने एआई आधारित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आईटी के क्षेत्र में नयी तकनीकी की जानकारी देते हुए कहा कि इनके माध्यम से कैसे हम अपने काम को आसानी और कुशलता से कर सकते हैं। चैटजीपीटी के माध्यम से हम कुछ भी पूछ सकते हैं अपनी दिनचर्या का शेड्यूल तैयार कर सकते हैं।

युवा नेता अविराज सिंह ने इस अवसर पर कृषि विभाग मालथौन द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और लघु सीमांत कृषकों सुखलाल अहिरवार, प्रेमलाल अहिरवार, पहाड़ सींग, कृष्णकांत कुर्मी, भजन पटैल, मलखान सिंह, मोहन आदिवासी, धर्म आदिवासी, शिवराज राजपूत, हुकुम सिंह को उड़द एवं अरहर के उन्नत बीज की मिनीकिट का निःशुल्क वितरण किया।

## नशा करने वालों पर करें सख्त कार्रवाई : कलेक्टर

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने विगत दिवस अधिकारियों को निर्देशित दिए थे कि सार्वजनिक स्थानों पर जो भी नशा करता है उस पर सख्त कार्रवाई करें एवं पेनाल्टी लगाकर अनुशासनात्मक कार्रवाई करें। इसी प्रकार स्कूल-कॉलेज परिसरों को भी नशा मुक्ति परिसर बनाएं। कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि स्कूल-कॉलेज को नशा मुक्त करने के लिए स्कूल कॉलेज में जाकर जन जागरूकता अभियान चलाएं एवं नशा से होने वाले नुकसान की जानकारी भी दें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थान, विद्यालय एवं कॉलेज परिसर के आसपास पान, तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट सहित अन्य नशा की दुकानों को तत्काल हटाने की कार्रवाई करें। कलेक्टर के निर्देशों के परिपेक्ष्य में राहतगढ़ एसडीएम अशोक सैन द्वारा राहतगढ़ स्थित पान-तम्बाकू एवं अन्य नशा की दुकानों पर कार्यवाही करते हुए पान की टपरों को हटाया गया एवं नशा सामग्री को जब्त किया गया।

### मालथौन के सैकड़ों दलित आदिवासी पीड़ित सागर कलेक्ट्रेट पहुंचे

# कहा दबंग गोविंद सिंह को गिरफ्तार करें व उनकी जमीनों से कब्जा छुड़वाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

मालथौन क्षेत्र के तीन सौ से ज्यादा आदिवासी व अनुसूचित जाति वर्ग के पीड़ितों ने सागर कलेक्ट्रेट व जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर कृषि भूमि व शासकीय भूमियों पर कब्जा हटाने की कार्रवाई के दौरान मारपीट करने वाले स्थानीय दबंग गोविंद सिंह मालथौन की गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही इन सभी आवेदकों ने मालथौन के स्थानीय दबंग गोविंद सिंह राजपूत मालथौन व उनके परिजनों द्वारा जबरिया व अवैध रूप से कब्जा की गई उनकी सौ एकड़ से ज्यादा कृषि भूमियों व 25 एकड़ से अधिक सार्वजनिक निस्तार की सरकारी भूमियों पर से दबंग गोविंद सिंह मालथौन का कब्जा हटा कर जमीनें मुक्त कराने की गुहार लगाई।

सागर जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को दिए गए ज्ञापन के साथ मालथौन के गरीब दलित आदिवासी पीड़ितों ने दबंग व्यक्ति गोविन्द सिंह मालथौन द्वारा कब्जा की गई, अवैध रूप से खरीद दर्शा कर नामांतरण कराई पीडित वर्ग निजी व शासकीय भूमि, गरीबों अनुसूचित जाति व आदिवासियों को शासन द्वारा दी गई शासकीय पट्टों की भूमि एवं उनके स्वाममित्व की निजी भूमि जो इनके दबंग परिवार ने अवैधानिक तरीकों से अपने नाम चढ़वाई है। ऐसी भूमियों के खसरा, रकबा नंबर सहित पूरी सूची अधिकारियों को सौंपी और इन जमीनों को मुक्त कराने व पीड़तिों को वापस कराने की मांग की।



ज्ञापन में पिछले सप्ताह प्रशासन द्वारा दबंग गोविंद सिंह मालथौन के कब्जे से 5 एकड़ शासकीय भूमि को मुक्त कराए जाने की कार्रवाई के दौरान आदिवासी समाज के लोगों से आरोपी गोविंद सिंह मालथौन द्वारा की गई मारपीट और गाली-गलौच के आपराधिक प्रकरण में अभी तक गिरफ्तारी नहीं होने की बात कही गई है। साथ ही अधिकारियों को बताया गया कि दबंग आरोपी क्षेत्र में ही रह कर पीड़ति शिकायत कर्ताओं को धमका रहा है जिससे भय का वातावरण बना हुआ है। आवेदकों ने कलेक्टर व एस पी से मांग की है कि गोविंद सिंह मालथौन व उनके परिवार द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति के सदस्यों की नियम विरुद्ध रूप से खरीदी व कब्जा की गई जमीनें मूल मालिकों को वापिस कराई जाएं।

सागर कलेक्ट्रेट व एसपी कार्यालय ज्ञापन देने मालथौन से सैकड़ों की संख्या में आए पीड़ति गरीब अनुसूचित जाति और आदिवासियों ने पूरी तरह शांतिपूर्ण व्यवहार किया, यहां तक कि उनके द्वारा एक भी नारा तक नहीं लगाया। उन्होंने अधिकारियों व मीडिया को अपनी व्यथा व दबंग परिवार के आतंक पूर्ण कृत्यों से अवगत कराया।

पीड़ितों ने अपने ज्ञापन में प्रशासन द्वारा विगत कुछ हफ्तों में मालथौन क्षेत्र में की गई कार्रवाई में अनेक दबंगों पर कार्रवाई करते हुए उनके कब्जे से आदिवासियो की भूमि मुक्त करा कर वापस दिलाए जाने के लिए धन्यवाद भी दिया।

ज्ञापन देने वाले पीड़ितों में भज्जू आदि वासी, रामलाल अहिरवार, किप्पू आदिवासी, कल्लू आदिवासी, मुन्नी आदिवासी, रुपू आदि वासी, धनीराम आदिवासी, राकेश आदिवासी, जय सिंह आदिवासी, जगल आदिवासी, धर्मेन्द्र आहिरवार, संतोष अहिरवार, विनोद अहिर वार, रामबिहारी आहिरवार, राजेन्द्र आदिवासी, जनक आदिवासी, बादल आदिवासी, संतोष अहिरवार, गुलाब आदिवासी, सुनील आदिवासी, बाबूलाल आदिवासी, रामलाल आदिवासी, रूपा अहिरवार, भरत अहिरवार, मनीराम अदिवासी, नीलेश, गोमती आदिवासी, नीना बाई, लीला आदिवासी, कमला आदिवासी, सरस्वती आदिवासी, पान बाई आदिवासी, शंति आदिवासी, श्यामबाई आदिवासी सरपंच झोलसी, गोमती आदिवासी, बसंत आदिवासी, मुलू आदिवासी, गुटई आदिवासी, सोनाली आदिवासी, मुन्ना आदिवासी, हरप्रसाद आदिवासी, गोंविद सिंह, राजकुमारी, मायादेवी, कल्याण सिंह, राजू, क्रांति, लक्ष्मण, सोनू, रंजीत, पीना आदिवासी अमारी, धनिया बहू दयाली आदिवासी, हरीसिंह, शामिल है।



## नोटरी पब्लिक अधिकारी संघ सागर की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**सागर।** मध्य प्रदेश शासन के विधि एवं विधाई विभाग द्वारा जारी पत्र क्रमांक 1486/21 ब(दो)/2025 के दिशा निर्देशों के पालन एवं अन्य आवश्यक महत्वपूर्ण विषयों को लेकर नोटरी पब्लिक अधिकारी संघ की सागर की महत्वपूर्ण बैठक पुस्तकालय भवन जिला न्यायालय परिषर सागर में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं नोटरी जितेंद्र सिंह राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में नोटरी से संबंधित कार्यों एवं दिशा निर्देशों के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा करके नोटरी शुल्क, स्टांप टिकट एवं नोटरियों से संबंधित आ रही शिकायतों के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए । बैठक में उपस्थित नोटरी अधिवक्ताओं के द्वारा दिए गए सुझावों को लेखबद्द किया गया एवं लिए गए निर्णय को अमल में लाने के लिए वर्किंग कमेटी का गठन किया गया जो एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रूपरेखा तैयार कर नोटरी संघ की आगामी 12 जुलाई को होने वाली बैठक में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी । वर्किंग कमेटी में सर्वसम्मति से सीनियर नोटरी अधिवक्ता लखन राठौर, राजेंद्र दुबे, राजेश मिश्रा, शिवदयाल बडोनिया, जगदीश विश्वकर्मा नियुक्त किए गए । बैठक में प्रमुख रूप से नोटरी अधिवक्ता मणिप्रभा जैन, अनंत प्रकाश सरखर, गोविंद सिंह ठाकुर, अर्जुन पटेल, योगेंद्र स्वामी, एम डी अवस्थी, हरेंद्र तिवारी, पीयूष बलैया, बी के यादव, जगदीश विश्वकर्मा, आकाश शुक्ला, वीरेंद्र सिंह राजपूत, विकास सेन, श्याम बिहारी राजोरिया, मनीष तिवारी, रोशन कुर्मी, रामदास राज, अनिल सिह भदोरिया, सुशील पटेल नरेंद्र अहिरवार, रामदास राज, अमित शर्मा, पूरन लोधी, सोमनाथ रैकवार, रमेश कोरी, संजय दुबे, पवन तिवारी, राजेश राजपूत, सुमित वर्मा, हरिशंकर विश्वकर्मा, मनीष वर्मा, रमेश कुमार पाठक, निर्देश फुसकेले, राजेश मिश्रा आदि शामिल हुए।

### कॉलोनीनाइजरों के साथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कार्यशाला आयोजित

# जिले में अब वैध कॉलोनी ही की जाए विकसितः कलेक्टर श्रोत्रिय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में कॉलोनी विकास के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कॉलोनीनाइजरों के साथ एक कार्यशाला बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एसडीएम लोकेन्द्र सिंह सरल, नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया सहित संबंधित अधिकारीगण, जिले के स्टेक होल्डर, कॉलोनाईजर, मीडिया प्रतिनिधि तथा वैध कॉलोनी विकसित करने के लिए इच्छुक नागरिक उपस्थित रहे।

उक्त बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने कॉलोनीनाइजरों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में अब वैध कॉलोनियों को ही विकसित किया जाए। जिसके लिए शासन द्वारा जारी की गईं गाइडलाइन का पालन करते हुए कॉलोनियों का विकास किया जाए। कॉलोनी विकास कार्य करने के पूर्व कानूनी प्रक्रिया अपनाते हुए दस्तावेज दुरुस्त किये जाए। और इसके बाद ही कॉलोनी विकास का कार्य प्रारंभ किया जाये।

कलेक्टर श्रोत्रिय ने बैठक में बताया कि जिले में अभी 400 से अधिक अवैध कॉलोनियां हैं। जिनके बिरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही भी की जा रही है। लेकिन भविष्य में अवैध कॉलोनियों के निर्माण को रोकने और सिर्फ बैध कॉलोनीयों का निर्माण किये जाने के लिए ही यह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला बैठक में मौजूद कॉलोनीनाइजरों को वैध कॉलोनी विकसित करने के लिए शासन द्वारा जारी की गईं गाइडलाइन की जानकारी दी गई। जिसमे नए नियमों के की जानकारी देते हुए बताया गया कि कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण संचालनालय स्तर पर ऑनलाइन करना होगा।

रजिस्ट्रीकरण के लिए 50 हजार रुपए शुल्क और नियम-5 का शपथ पत्र जमा करना आवश्यक है। यह प्रमाण पत्र राज्य के सभी नगरीय निकायों में मान्य किया जायेगा और यह प्रमाणपत्र पांच वर्ष तक के लिए वैध रहेगा। प्रमाणपत्र के नवीनीकरण के लिए 25 हजार रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है। कॉलोनी विकास के लिए कई अनिवार्य चरण हैं जिनका पालन करना होगा। सक्षम प्राधिकारी से कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण कराना होगा। नगर और ग्राम निवेश से भूमि विकास की अनुज्ञा और कॉलोनी के अभिन्यास का अनुमोदन लेना आवश्यक है। और इस बात का अनिवार्य रूप से ख्याल रखना होगा कि केवल अनुमति मिलने के बाद ही कॉलोनी विकास का कार्य शुरू किया जा सकता है।

कलेक्टर श्रोत्रिय ने कॉलोनीनाइजरों को कार्यशाला बैठक के दौरान यह आश्वासन भी दिया कि रजिस्ट्रेशन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। साथ ही जिला प्रशासन का यह प्रयास रहेगा कि नियमानुसार वैध कॉलोनी बनाने वाले कॉलोनी नाइजरो को कोई परेशानी न हो। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कार्यशाला बैठक में मौजूद सभी कॉलोनी नाइजरो को स्पष्ट रूप से बताया है कि भू-खंड या भवन की बिक्री करने से पहले रेरा अधिनियम के तहत कॉलोनी का पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।

**अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध चल रही कार्रवाई पर नहीं हुई कोई बात**

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गईं कार्यशाला बैठक में मौजूद कॉलोनीनाइजर जीतू सेन, अभिषेक खरे रानू आदि ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अबैध कॉलोनियों के बिरुद्ध की जा रही कार्यवाही के संबंध में कार्यशाला बैठक के दौरान कोई बातचीत नहीं हुई। बैठक के दौरान सवाल करने पर कलेक्टर श्रोत्रिय ने सिर्फ इतना कहा कि पूर्व से चल फिर नोटिस की कार्यवाही को लेकर आप सभी लोग नियमानुसार कानूनी प्रक्रिया का पालन कीजिये।

### एसपी ऑफिस के बाहर रजक समाज ने धरना देकर किया प्रदर्शन

# घर में घुसकर महिला से अभद्रता करने वाले पर ठोस कार्यवाही न होने की थी नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

घर में घुसकर महिला के साथ अभद्रता करने और मारपीट करने वाले आरोपियों के बिरुद्ध ठोस कार्यवाही न होने की वजह से आरोपियों द्वारा पीड़ित महिला को लगातार प्रताड़ित किए जाने से नाराज रजक समाज ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया और जांच कर कार्यवाही की मांग की। रजक समाज को पुलिस अधिकारियो ने कार्यवाही का आश्वासन देकर मामला शांत कराया।

शनिवार की दोपहर करीब एक बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर रजक समाज द्वारा धरना देकर बिरोध प्रदर्शन करते हुए महिला के साथ मारपीट मामले में कार्यवाही की मांग की है। साथ ही कार्यवाही न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। मामले की जानकारी देते हुए रजक समाज की ओर से बताया गया कि जिले के बड़ागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केनवार निवासी पीड़ित महिला रामप्यारी रजक 29 जून को अपने घर में थी तब शराब के नशे में धुत झल्लू यादव और राजू यादव ने घर में घुसकर महिला रामप्यारी के साथ अभद्र व्यवहार किया और विरोध करने पर उक्त दोनों लोगों ने महिला रामप्यारी के साथ मारपीट की। पीड़ित महिला का आरोप है कि पुलिस ने मामूली धाराओं में उक्त आरोपियों के बिरुद्ध मामला दर्ज किया है। जबकि महिला के साथ बेरहमी से मारपीट की गई थी। इतना ही नहीं ज्ञापन के दौरान रजक समाज के लोगों ने बताया कि पीड़ित महिला रामप्यारी और उसके परिवार को आरोपियों द्वारा इतना डराया धमकाया जा रहा है कि वह गांव में नहीं जा पा रहे है। बड़ागांव थाना पुलिस पर आरोप लगाते हुए रजक समाज ने बताया कि बड़ागांव थाने में सही तरीके से पीड़ित महिला रामप्यारी की शिकायत को दर्ज नहीं किया गया है उल्टा जबरन हस्ताक्षर करवा लिए गए है। जिसकी बजह से आरोपी अब राजीनामा के लिए महिला रामप्यारी पर दवाब बना रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान रजक समाज ने चेतावनी देते हुए कहा कि समाज के लोगों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि आरोपियों पर पीड़ित के बताए अनुसार कार्यवाही नहीं होती है तो जिला भर में आंदोलन किया जाएगा। इस पूरे मामले में एडिशनल एसपी सीताराम और एसडीओपी राहुल कटरे ने रजक समाज के लोगों की बात सुनी और कहा कि जो पुलिस पर आरोप लगा है उसकी जांच की जायेगी। जाँच में जो भी दोषी होगा, उन पर कार्यवाही की जाएगी। उक्त मामले में पुलिस द्वारा जांच का आश्वासन देकर कहा गया कि दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

बारिश से बचने के लिए बैठे थे पेड़ के नीचे, तभी हुआ हादसा

# मबई में आकाशीय बिजली गिरने से दो व्यक्ति घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा



जिले के थाना बम्हौरीकलां क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव मबई में आकाशीय बिजली गिरने से दो व्यक्ति घायल हो गए। ग्रामीणों के द्वारा घायलों को तत्काल नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा भेजा गया।

जानकारी के अनुसार नगर क्षेत्र में लगातार तेज बारिश होने के चलते बीते शनिवार के दिन शाम के वक्त सुंदरलाल लोधी उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम मबई बारिश से बचने के लिए छाता लगाकर पेड़ के नीचे बैठ गया। जबकि कुछ ही दूरी पर घनश्याम दास कुशवाहा तेज बारिश से बचने के लिए बारिश रुकने के इंतजार में पेड़ के नीचे खड़ा हुआ था। तभी अचानक तेज गर्जना के साथ आकाश की बिजली गिरने से दोनों व्यक्ति घायल हो गए।

आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल मदद करते हुए दोनों घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा भेजा। जहां डॉक्टर के द्वारा तत्काल इलाज करते हुए गंभीर घायल सुंदरलाल लोधी को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है, जबकि घनश्यामदास कुशवाहा की हालत ठीक बताई जा रही है। अनुभवी लोगो ने बताया कि बारिश से बचने के लिए किसी पेड़ के नीचे खडे होने से बचना चाहिए क्यूंकि अधिकांशतः बिजली गिरने की संभावना पेड़ पर ही ज्यादा होती है।

# जलभराव समस्या को लेकर नपा प्रशासन एक्शन मोड में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

**पूर्व में किए गए इंतजामों की वजह से होती रही पानी की निकासी**






आगामी त्योहारों को देखते हुए बारिश के चलते जलभराव समस्या से निपटने के लिए नगर परिषद द्वारा समस्त वार्डों में प्रमुखता से पूर्वनियोजित इंतजाम किए गए थे। जिसके चलते बारिश के दौरान नगर में पानी की निरंतर अबिरुद्ध निकासी हो रही है। लेकिन भारी बारिश के चलते जलस्तर बढ़ने की बजह से कुछ जगहो पर जलभराव की समस्या को बनता देख नपा सीएमओ शिवि उपाध्याय के निर्देश पर नगर परिषद का स्वच्छता अमला एक्शन मोड में आ गया है।

नगर परिषद के स्वच्छता कर्मचारियों ने सबसे पहले उस जगह का मुआयना किया जहां निरंतर बारिश होने की बजह से जलस्तर बढ़ने पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। जलभराव के कारणों को जानने, देखने और जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान किये जाने का तरीका खोजा गया। जिस पर विचार विमर्श करने के बाद जेसीबी मशीन की सहायता से कई जगह पर चैंबर एवं स्वच्छता का कार्य कराया गया।

नगर परिषद द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक एक में स्थित गजाधर तालाब के जल निकासी के लिए बारिश के मौसम के पूर्व की गई तैयारी की बजह से जलभराव की कोई समस्या उत्पन्न नहीं हो रही। क्योंकि बारिश के पानी की निकासी के लिए पुख्ता इंतजाम कर दिए गए थे। जिसके चलते नगर के बड़े तालाब से आया ओवरफ्लो का अतिरिक्त पानी खाई नाले से पूर्ण प्रवाह से बह रहा है। साथ ही निरंतर बारिश के चलते जल स्तर बढ़ने से पूर्व ही तालाब के ओवरफ्लो पानी की निकासी के लिए दूसरी व्यवस्था भी जेसीबी मशीन लगाकर मौके पर कराई जा रही है। ताकि लगातार जल स्तर बढ़ने के बाद भी जलभराव संबंधी कोई समस्या उत्पन्न न हो सके। इसके अलावा नगर के अन्य स्थानों पर भी अबिरुद्ध जल निकासी की व्यवस्था कराई जा रही है। जिससे नगरवासियों को जलभराव की समस्या से न जूझना पड़े।

## मध्यान्ह भोजन, राशन वितरण का निरीक्षण

**विदिशा।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की जिला प्रभारी कीर्ति चौहान ने शमशाबाद वेयरहाउस में खाद्यान्न के उठाव कार्य और एफपीएस तक उसकी आपूर्ति की स्थिति का निरीक्षण किया। शासकीय शालाओं के आकस्मिक निरीक्षण में बालक शाला में न्यूट्रिशन गार्डन व्यवस्थित करने के निर्देश दिए और कन्या शाला में मां की बगिया की सराहना की। बामौरी शाला में मेन्यू के अनुसार भोजन बनाने के निर्देश दिए गए। नसरतगढ़ में समय से पहले ताला लगने पर नोटिस जारी करने के लिए निर्देश दिए गए।

**दुर्घटना में कार व बस दोनों बुरी तरह से हुई क्षतिग्रस्त**

# भोपाल से सिरोंज जा रही बस की स्टेयरिंग फेल कार से टकराई, आठ घायल, 6 की हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

शुक्रवार दोपहर पौने 12 बजे सिरोंज से भोपाल जा रही बस की सांगुल गांव के पास स्टेयरिंग फेल हो गई। बस ने सामने से आ रही एक्सयूवी कार को टक्कर मार दी। कार सवार उज्जैन से लखनऊ जा रहे थे।

हादसे में कुल 8 लोग घायल हुए। इनमें से 6 लोगों की स्थिति नाजुक है। घायलों को शमशाबाद ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को विदिशा और भोपालरेफर कर दिया गया। दो घायलों का इलाज शमशाबाद में ही चल रहा है। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि बस चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस चालक की तलाश कर रही है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। कार में सवार लखनऊ और दिल्ली के निवासी हैं। यह सभी लोग उज्जैन से लखनऊ जा रहे थे। टक्कर से कार का आगे का पूरा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कांच चकनाचूर होकर बिखर गया। बस भी आगे नीचे की ओर क्षतिग्रस्त हो हुई है।




**हादसे में यह हुए घायलः** कार और बस की भिड़ंत में आठ लोग घायल हुए हैं। घायलों में प्रशांत पिता बाबु निराला 34 साल, श्रश्राम पिता बालाराम 40 साल, अशोक पिता अमरजीत 48 साल, विशाल पिता विजय बहादुर 44 साल, याशीर उम्र 15 साल, अनिल पिता चेतराम 25 साल, संतोष पिता हिंदू सिंह 40 साल घायल हुए हैं।

### कनिष्ठ अभियंता पर लगाए लापरवाही के आरोप

# पलेरा नगर में विद्युत व्यवस्था हुई ध्वस्त, लोगों में बढ़ी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा




नगर में विद्युत व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह से ध्वस्त पड़ी हुई है। थोड़ी सी बारिश होते ही संपूर्ण नगर की लाइट काटकर नगर को अंधकार में डुबो दिया जाता है और फिर घंटों तक बिजली बहाल नहीं की जाती। विद्युत आपूर्ति बाधित होने का मुख्य कारण स्थानीय वितरण केंद्र की लापरवाही बताई जा रही है।

नगरवासियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि लाइट कटौती में विशेष रूप से कनिष्ठ अभियंता पुष्पेंद्र राय की उदासीनता पर नगरवासी आक्रोशित हैं। नगरवासियों का आरोप है कि बारिश के कारण यदि विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है, तो वितरण केंद्र पलेरा द्वारा समय रहते उसे बहाल नहीं किया जाता। कनिष्ठ अभियंता पुष्पेंद्र राय न तो मुख्यालय में निवास करते हैं और न ही बिजली व्यवस्था की सुध लेते हैं। उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के फोन तक नहीं उठाए जाते, जिससे समय पर मरम्मत कार्य नहीं हो पाता। बिगत 4 जुलाई को रात्रि 1 बजे बिजली गुल हो गई थी, जिसे सुबह 8 बजे तक ही आंशिक रूप से बहाल किया गया। हालांकि तब भी संपूर्ण नगर की विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से चालू नहीं हो सकी, और कई क्षेत्रों में घंटों बाद तक बिजली नहीं आई।इस संबंध में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वरिष्ठ अधिकारी भी इस लापरवाही को संरक्षण दे रहे हैं। नगरवासियों ने मांग की है कि कनिष्ठ अभियंता पुष्पेंद्र राय को तत्काल पलेरा मुख्यालय में निवास करने हेतु बाध्य किया जाए एवं विद्युत आपूर्ति की नियमितता सुनिश्चित की जाए। साथ ही इस प्रकार की लापरवाही पर शीघ्र कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

### जिले में अब तक 485.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

# पिछले वर्ष की अपेक्षा 11 इंच अधिक बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में बारिश का दौर लगातार जारी है। और इस लगातार जारी बारिश के दौर के चलते इस वर्ष एक जून से 4 जुलाई तक 485.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। बारिश के इस आंकड़े के आधार पर पिछले वर्ष हुई वर्षा की अपेक्षा इस वर्ष 11 इंच अधिक बारिश होना बताया जा रहा है। उक्त जानकारी भू अभिलेख अधीक्षक द्वारा दी गईं है।

अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक जून से 5 जुलाई तक जिलेबार हुई बारिश आंकड़े में टीकमगढ़ में 733 मिलीमीटर, बड़ागांव धसान में 323, बल्देवगढ़ में 386, खरगापुर में 453, जतारा में 346, मोहनगढ़ में 573, लिधौरा में 376 और पलेरा में 693 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इन आकड़ो के अनुसार जिले में 5 जुलाई तक सबसे ज्यादा बारिश टीकमगढ़ में और सबसे कम बारिश बड़ागांव धसान क्षेत्र में होना दर्ज की गईं है।

पिछले वर्ष से तुलना की जाये तो एक जून से 5 जुलाई तक जिलेभर में पिछले वर्ष 2024 में कुल 204.5 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गईं थी। और बीते 24 घंटे में 5 जुलाई को जिलेभर में कुल 11.9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गईं थी। जबकि इस वर्ष 2025 में एक जून से 5 जुलाई तक जिलेभर में कुल 485.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। और बीते 24 घंटे में 5 जुलाई को जिलेभर में कुल 34 मिली मीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

### बीते 24 घंटे में 34 मिलीमीटर बारिश दर्ज

जिले में बीते 24 घंटे में 5 जुलाई तक 34 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान टीकमगढ़ में 28 मिलीमीटर, बड़ागांव धसान में 43, बल्देवगढ़ में 50, खरगापुर में 36, जतारा में 3, मोहनगढ़ में 13, लिधौरा में 7 और पलेरा में 92 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिसमे बीते 24 घंटो में जिलेभर में कुल 272 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गईं है। इन आंकड़ों के हिसाब से बीट 24 घंटे में जिले में सबसे ज्यादा बारिश पलेरा में और सबसे कम बारिश जतारा में होना दर्ज की गईं है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ (म.प्र.)**

Email - cmoTikamgarh@mpurban.gov.in Phone-07683-245323

क्रमांक/3870/न.पा./निर्माण/2025 :: ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना :: टीकमगढ, दिनांक 02/07/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_434748_1 04/07/2025 को प्रातः 11.00 बजे से | वार्ड नं. 10 बुद्ध बिहार कॉलोनी में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य । | 3 माह 4681889.00 | 5000/- 35114/- | 05.08.2025 को सांय 05.30 बजे तक |

मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र क्रं./ एफ.237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09.09.2024 प्रभावशील रहेगा जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है।

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद टीकमगढ
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र)

### झमाझम बारिश से उफनी सीप नदी, कदवाल और अमराल, नाले भी हुए ओवरफ्लो

# शहर के बाजारों सहित बस्तियां और सरकारी कार्यालयों में हुई जलभराव की स्थिति निर्मित








हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शुक्रवार और शनिवार की रात हुई झमाझम बारिश से सीप नदी और उसकी सहायक कदवाल एवं अमराल नदियां भी उफन गई। सीप और कदवाल के उफनने से वार्ड क्रमांक 2 की निचली बस्ती कोली चौक में डेढ़ डेढ़ फीट पानी भर गया। बाजारों सहित कई निचली बस्तियों और सरकारी दफ्तरों में भी पानी निकासी नहीं होने के कारण जल भराव की स्थिति निर्मित होते दिखी। यह जल भराव की स्थिति शहर में एनएचआई द्वारा निर्माण किए जा रहे नाले और सड़क के कारण निर्मित होना बताई जा रही है।

शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात करीब 64 मिमी बारिश हुई। इस झमाझम बारिश से सीप नदी ऐसी उफनी की बंजारा डैम ओवरफ्लो होकर यहां नदी समतल हो गई। इस नजारे को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग अल सुबह ही वहां पहुंच गए लोगों की भीड़ पुल पर जमा होने की सूचना मिलने के बाद एसपी वीरेन्द्र जैन के निर्देश पर पुलिस ने लोगों को सुरक्षा की दृष्टि से पुल पर से हटाने का काम किया ताकि कोई अनहोनी होने पर जनहानि बचाई जा सके। उधर कदवाल नदी के उफान पर आ जाने से गुप्तेश्वर मंदिर टापू बन गया हालांकि वहां रहने वाले महंत को पहले ही निकाल लिया गया था लेकिन बाढ़ में टापू बन जाने से श्रद्धालु पूजा अर्चना करने मंदिर तक नहीं पहुंच सके जो लोग आस्थावान थे वह दूर से ही नदी में पुष्प बहा कर पूजा कर वापस लौट आए उधर सुबह 5:00 के करीब कदवाल नदी किला गेट की ओर से होते हुए कसाई मोहल्ला कोली चौक में पहुंच गई जहां डेढ़ डेढ़ फीट पानी भर गया इससे हरिजन बस्ती में रहने वाले लोगों को अधिक परेशानी हुई। इस बस्ती में रहने वाले लोगों ने अनहोनी के डर से अपने मकानो से सामान समेटना शुरू कर दिया गनीमत यह रही कि सुबह 6:00 से ही पानी उतारना शुरू हुआ और तेजी के साथ खतरे के निशान से नीचे पहुंच गया।

#### बाजार,बस्ती और दफ्तरों में भरा पानी

झमाझम बारिश का विपरीत प्रभाव बाजारों के साथ-साथ बस्तियों और सरकारी भवनों में भी देखने को मिला। पानी निकासी नहीं होने के कारण कई बस्तियों में जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई वहीं एनएचआई द्वारा निर्माण अधीन रोड और नालों की ऊंचाई अधिक हो जाने से कई सरकारी दफ्तरों में भी जल भराव की स्थिति निर्मित होती देखी गई। इन दफ्तरों में जहां पाली रोड पर जल संसाधन विभाग का कार्यालय,पीजी कॉलेज, पुलिस पेट्रोल पंप, आजाक थाना, महिला थाना, ग्रामीण थाना जैसे परिसरों में पानी भरा दिखा वहीं शिवपुरी रोड पर कलेक्ट्रेट परिसर में भी पानी भर जाने से विषम स्थिति निर्मित होती दिखाई दी।

#### 24 घंटे में बरसा 64 मिमी पानी, 483 मिमी पहुंची औसत बारिश

श्योपुर जिले में बीते 24 घंटे में 64.84 मिलीमीटर पानी बरसा है। जिसे मिलाकर इस सीजन में जिले की औसत बारिश का आंकडा अब 483.02 पर पहुंच गया है। जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 146.64 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बीते 24 घंटे में तहसील श्योपुर में 160 मिमी, बडौदा में 116, कराहल में 18, विजयपुर में 16, वीरपुर में 4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### श्योपुर शहर की पुरानी सब्जी मंडी की घटना

## महिला के हाथ से मोबाइल झपट कर भाग निकले बाइक सवार बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर की पुरानी सब्जी में मौजूद लोग शनिवार की दोपहर को तब हक्के बक्के रह गए,जब बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाश एक महिला के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गए। हालांकि महिला कुछ दूर तक उनके पीछे भागी भी सही,लेकिन बाइक सवार दोनो बदमाश चंपत हो गए। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में जांच की कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार शहर के विकासनगर निवासी महिला सरोज शिवहरे शनिवार की दोपहर करीब 3 बजे के आसपास जब पुरानी सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने के लिए पहुंची थी,तभी उसके पास से बाइक पर सवार होकर गुजरे दो बदमाश उसके हाथ से मोबाइल छीन ले गए। महिला ने शोर मचाते हुए कुछ दूर तक बदमाशों का पीछा किया,लेकिन बदमाश चंपत हो गए। लूटे गए मोबाइल की कीमत करीब दस हजार रूपए बताई गई है। इस मामले में कोतवाली टीआई दिनेश सिंह राजपूत ने बताया कि इस तरह का आवेदन आया है,जिसकी जांच करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

#### दिनदहाड़े दुकान से कपड़े की दो गठान हो गई चोरी

भाजपा युवा मोर्चा गोविंद दीक्षित ने भी उनकी कपडे की दुकान से दिनदहाडे दो कपडे की गठान चोरी होने की शिकायत कोतवाली थाने में आवेदन देकर दर्ज कराई है। गोविंद दीक्षित ने बताया कि उनकी दुकान पर रखी कपडे की गंठान दोपहर के समय चोरी हो गई। चोरो का फिलहाल कोई अता पता नहीं है। लेकिन इस तरह की वारदातों से एक बार फिर शहर की पुलिसिंग पर सवाल खडे हो रहे है।

## बंधक श्रम जिला सर्तकता समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में बंधक श्रम जिला सर्तकता समिति का गठन किया गया है। बंधक श्रम प्रथा (समाप्ति) अधिनियम के तहत उक्त समिति का गठन किया गया है।

शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में गठित समिति में पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग, एसडीएम श्योपुर, कराहल, विजयपुर, एलडीएम सहित अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश मंत्री नंदकिशोर आदिवासी कराहल, जिला पंचायत सदस्य गिरधारी लाल बैरवा हलगावडा खुर्द, पूर्व महामंत्री अनुसूचित जाति संजय अकोदिया रायपुरा, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष मिथलेश तोमर श्योपुर एवं पूर्व पार्षद विश्वनाथ त्रिपाठी श्योपुर को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

### शहर में गुरु पूर्णिमा पर जगह- जगह होंगे भंडारे, तैयारियों में जुटे लोग

## 10 को मनाई जाएगी गुरु पूर्णिमा, गुरुधामों पर तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गुरु पूर्णिमा को लेकर शहर के गुरुधामों पर तैयारियां शुरू हो गई है, इस बार गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई को मनाई जाएगी। इसके लिए गुरु आश्रम, मंदिरों और मठों में तैयारियां भी अंतिम दौर में चल रही है।शहर सहित अंचल के प्रमुख मठ-मंदिर और गुरुधामों पर गुरुपूर्णिमा महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हवन पूजन और भंडारे होंगे। सुबह से गुरुधामों पर दर्शनों के लिए लोगों का पहुंचना शुरू हो जाएगी। जिले में सबसे ज्यादा भीड़ गुरु पूर्णिमा पर जतीधाम पर रहती है, यहां विशाल भंडारा भी आयोजित किया जाता है।



#### यहां मनाया जाएगा गुरुपूर्णिमा पूर्व

शहर में जतीधाम गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। गायत्री शक्तिपीठ, संत अवध बिहारी आश्रम, सिरोनी, आसाराम गोशाला, जाटखेड़ा, ढेंगदा आश्रम, मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर शिष्यों का जमावड़ा लगेगा। इन धामों पर पहुंचकर शिष्य गुरुओं की चरण वंदना करेंगे। इसके अलावा मेवाडा में पीर बाबा की दरगाह पर गांव के लोग मिलकर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाते हैं।

#### विद्यालयों में गुरु पूर्णिमा पर होगा दो दिवसीय उत्सव

**श्योपुर।** प्रदेश के सभी विद्यालयों में 10 जुलाई गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के मौके पर 2 दिवसीय उत्सव का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन 9 और 10 जुलाई को होगा। इस संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। बताया गया है कि 9 जुलाई को विद्यालय में प्रार्थना सभा के बाद शिक्षकों द्वारा गुरू पूर्णिमा के महत्व और पारंपरिक गुरू-शिष्य संस्कृति के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी जायेगी। विद्यालय में प्राचीन काल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति में प्रभाव विषय पर बच्चों के बीच में निबंध लेखन प्रतियोगिता की जायेगी। विद्यालयों के प्राचार्यों से कहा गया है कि आयोजन के दौरान साधु-संतों, गुरूजनों, सेवानिवृत्त शिक्षकों, विद्यार्थियों और नागरिकों को आमंत्रित किया जाये। इन आयोजन में विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया जा सकता है। पूर्व विद्यार्थी अपने शाला जीवन के अनुभव को विद्यार्थियों के बीच साझा करेंगे। उत्सव के दूसरे दिन 10 जुलाई को गुरू पूर्णिमा के दिन प्रदेश की शिक्षण संस्थाओं में वीणा वादिनी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर गुरू वंदना की जायेगी। इसी के साथ इस दिन गुरूजनों एवं शिक्षकों का सम्मान भी किया जायेगा।

## छेड़छाड़ की झूठी रिपोर्ट मेरी छवि बिगाड़ने की साजिशः पूरन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भाजपा अजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पूरन आर्य ने उनके खिलाफ कोतवाली थाने में दर्ज किए गए छेडछाड के मामले को झूठा बताते हुए इसे उनकी छबि बिगाडने की साजिश करार दिया है।

उन्होंने एसपी वीरेन्द्र जैन को दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि मामला पैसो के लेनदेन का है। पैसे वापस न देने पडे तथा मेरी छबि खराब हो,इसके लिए मेरे खिलाफ झूठा छेडछाड की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उन्होंने एसपी से मामले की जांच करने की मांग करते हुए कहा कि यदि जांच के दौरान मामला सत्य पाया गया तो मैं फांसी पर चढ़ने को तैयार हूं। भाजपा नेता ने कहा कि जिस दिन का उल्लेख रिपोर्ट में किया गया है,उस दिन तो मैं कोटा में डॉक्टर को दिखा रहा था, जिसका सीसीटीवी फुटेज मेरे पास मौजूद है।

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों के बीच मौत, जांच में जुटी पुलिस

### बड़ौदा थाना क्षेत्र के तकियापीर सहराने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा थाना क्षेत्र स्थित तकिया पीर सहराना निवासी एक आदिवासी महिला की संदिग्ध परिस्थितियों के बीच मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बडौदा थाने के अधीन आने वाली पांडोला चौकी प्रभारी श्यामवीर सिंह यादव ने बताया कि तकियापीर सहराना निवासी श्यामाबाई आदिवासी 50 वर्ष पत्नी जगराम आदिवासी को शुक्रवार को अचानक बुखार आ गई। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे तो वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## स्वैच्छिकता पर्व में लोगों को दिए संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला अशोकनगर द्वारा शुक्रवार को परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर स्वैच्छिकता पर्व कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन एवं प्रेरणा गीत गायन कर किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी जयमंडल यादव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोकनगर अभिषेक यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोकनगर शैलेन्द्र सिंह यादव, पार्षद धर्मेंद्र रघुवंशी एवं जिला समन्वयक हार्टफूलनेस महेंद्र रघुवंशी, सेवा भारती महेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत पौधा भेंटकर किया गया। अतिथियों के मंचासीन होने पर जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चैहान द्वारा परिषद के अध्यक्ष मुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री के संदेश का वाचन किया गया एवं सभी को स्वैच्छिकता शपथ दिलाई गई। जिला समन्वयक द्वारा परिषद की संरचना कार्य प्रणाली योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में सभी को अवगत कराया गया। विकासखंड समन्वयक सुखवती वर्मा द्वारा समाज में स्वैच्छिकता के भाव के प्रोत्साहन के लिए प्रेरक उद्बोधन दिया गया। मुख्य अतिथि जयमंडल यादव द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि जन अभियान परिषद का गठन 4 जुलाई 1997 को किया गया था जिसे अनिल माधव दबे एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान द्वारा वर्ष 2007 से पुनर्जीवित किया गया। परिषद निरंतर समाज सेवा के कार्य में प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना चुका है जन अभियान परिषद द्वारा किए जा रहे कार्य के संबंध में तैयार लघु फिल्म का प्रदर्शन प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया। इसके पश्चात उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद मोहन नागर का वीडियो संदेश सभी को दिखाया गया। विकासखण्ड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति, मेंटर्स एवं छात्रों को अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किए। एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण जनपद पंचायत परिसर में किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन विकासखंड समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक द्वारा किया गया।

### श्योपुर में 74.45 फीसदी गरीब परिवारों को ही मिल सका तीन महीने का एक मुश्त राशन

# गरीब परिवारों को तीन महीने का राशन बांटने में श्योपुर फिसड्डी, मिला 45वां स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गरीब परिवार के लोगो को तीन महीने का एक मुश्त राशन बांटने में फिलहाल श्योपुर जिला फिसड्डी साबित हुआ है। यह हम नहीं कह रहे है,बल्कि इसका खुलासा गरीबों को राशन वितरण करने के मामले में श्योपुर जिले को प्रदेश के 55 जिलों में 45 वां स्थान मिलने से हो रहा है। क्योंकि श्योपुर जिले में 30 जून तक 74.45 प्रतिशत गरीब परिवारों को ही तीन महीने का राशन मिल सका है। 25 प्रतिशत से अधिक परिवार के लोगो को तीन महिने का राशन एक मुश्त मिलने का इंतजार बना हुआ है। उधर इंदौर जिला तीन महीने का राशन एक मुश्त बांटने में पूरे प्रदेश में नंबर वन बना हुआ है। जहां शत प्रतिशत परिवारों को तीन महीने का राशन बांटा जा चुका है।

यहां बता दें कि बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए मप्र सरकार के द्वारा इस बार गरीबों को तीन महीने का राशन एक मुश्त दिए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके बाद भोपाल स्तर से शासन के द्वारा सभी जिलों के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को राशन दुकानों के माध्यम से गरीबों को 30 जून तक तीन महीने का राशन वितरण किए जाने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में श्योपुर जिले के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने भी तीन महिने का राशन एक साथ गरीबों को बांटने का राशन दुकानों के माध्यम से कर दिया। लेकिन 30 जून तक जिले के शत प्रतिशत गरीबों तक तीन महीने का राशन पहुंच नहीं सका है।



#### 10 तक राशन ले सकते हैं छूटे गरीब परिवार

यूं तो गरीब परिवारों को तीन महीने का एक मुश्त राशन बांटने के लिए 30 जून तक की समयावधि निर्धारित की गई है।लेकिन अब इस अवधि को शासन स्तर से बढाते हुए 10 जुलाई कर दिया गया है। शासन ने निर्देश जारी कर दिए कि जो गरीब परिवार 30 जून तक तीन महीने का राशन नहीं ले पाए है,उन परिवार के लोग अब 10 जुलाई तक नजदीकी राशन दुकान से तीन महीने का राशन ले सकते है। 10 जुलाई के बाद किसी को भी राशन का वितरण नहीं किया जाएगा।

#### 90607 परिवारों को मिला तीने महीने का राशन

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से मिली जानकारी के अनुसार श्योपुर जिले में 265 राशन दुकाने संचालित है। इन राशन दुकानों के माध्यम से जिले के 1 लाख 20 हजार 581 गरीब परिवारों को एक साथ तीन महीने का राशन दिए जाने का लक्ष्य था। लेकिन 30 जून तक तय लक्ष्य के मुताबिक श्योपुर जिले में राशन का वितरण नहीं हो सका है। बताया गया है कि 1 लाख 20 हजार 581 परिवारों में से सिर्फ 90 हजार 607 परिवारों को ही अभी तक तीने महीने का राशन मिल सका है। करीब 30 हजार परिवार के लोगों को अभी तीन महीने का राशन पहुंचने का इंतजार बना हुआ है। उधर विभागीय अधिकारी लक्ष्य पूरा न होने के पीछे कुछ तकनीकी दिक्कतो को कारण बता रहे है।

#### संभाग में अशोकनगर अव्वल,शिवपुरी सबसे पीछे

| जिला | दर्ज परिवार | वितरण प्रतिशत |
|---|---|---|
| अशोकनगर | 149204 | 93.77 |
| दतिया | 127527 | 87.08 |
| मुरैना | 301423 | 84.17 |
| गुना | 217727 | 83.83 |
| ग्वालियर | 278386 | 76.02 |
| श्योपुर | 120581 | 74.45 |
| भिंड | 209990 | 73.27 |
| शिवपुरी | 300840 | 56 |

#### इनका कहना...

श्योपुर जिले के कई परिवार बडे शहरों में रहकर मजदूरी करते है और वहीं से ही राशन वितरण कर लेते है। इसलिए श्योपुर जिले में राशन वितरण का प्रतिशत 80 से 85 प्रतिशत के करीब ही रहता है। हम प्रयास करेगे कि जो परिवार छूट गए है,उन्हें 10 जुलाई तक राशन का वितरण हर हाल में कर दिया जाए।

**सुनीलदत्त शर्मा**
**प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी,श्योपुर**

### ताजियों के जुलूस को देखते हुए बाहर से मंगाया पुलिस बल

## आज निकलेंगे ताजिए, पुलिस ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम पूरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मोहर्रम का 10 दिवसीय उत्सव आशूरा (मोहर्रम की 10 तारीख) रविवार को ताजियों का मातमी जुलूस निकाला जाएगा। सभी ताजिएदारों सहित मुस्लिम समाज ने जुलूस निकालने को लेकर तैयारी कर ली हैं। उधर पुलिस प्रशासन ने त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी हैं। एसपी वीरेंद्र जैन ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दूसरे जिलों से अतिरिक्त पुलिस बल मंगाया है।

मोहर्रम माह की 10 तारीख को पैंगम्बर हजरत मोहम्मद सल. के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके परिवार की शहादत के रुप में ताजिए निकाले जाते हैं। रविवार को ताजियों का मातमी जुलूस दोपहर 12 बजे से शुरु हो जाएगा, 01 बजे तक सभी ताजिए किला रोड हम्मालान मस्जिद से सूबात चौराहे तक रखे जाएंगे, जहां फातिहा पढ़ी जाएगी। दोपहर 02 बजे से ताजियों का जुलूस टोड़ी गणेश बाजार से होता हुआ करबला घाट पहुंचेगा। शांति समिति की बैठक में हुए निर्णय के मुताबिक सभी ताजिए सूर्यास्त से पहले निकल जाएंगे, ताकि मंदिर पर होने वाली आरती के दौरान जुलूस में कोई व्यवधान पैदा न हो।

#### गस्त पर निकले ताजिए, रात भर रहा जागरण

इससे पहले शनिवार की रात ताजिए गस्त पर निकले इस दिन ताजियों को रात में गस्त कराया जाता है। अधिकतर ताजिए तो अपने-अपने इमामबाड़ों से निकल कर पूरी बस्ती में गस्त कर वापस इमामबाड़ा पर चले गए लेकिन पर कुछ ताजिए बाजारों में भी आए। यह ताजिए रात 12:00 से सुबह 4:30 बजे तक बाजार में रहे और इसके बाद वापस इमामबाड़ों पर पहुंच गए। इस दौरान रात भर मुस्लिम समाज ने बाजार में जागरण किया ताजियों के आगे फातिहा पढ़ी और ढोल नगाड़े बजाए गए। अखाड़े बाजी के कर्तव्य दिखाए गए।

#### दाऊदी बोहरा ने निकाला मातमी जुलूस

उधर दाऊदी बोहरा समाज ने शनिवार को मोहर्रम की 10 तारीख मनाते हुए मातमी जुलूस निकाला। सुबात चौराहा से बोहरा बाजार होते हुए समुदाय के जमातखाना तक इमाम हुसैन की याद करके मातम मनाते हुए जुलूस निकाला। दाऊदी बोहरा समाज के प्रवक्ता सिराज दाऊदी ने बताया कि आज सुबह से ही बच्चे बुजुर्ग बड़े महिलाएं सभी रोजा रखा ओर पूरे दिन मातम मनाया। उन्होंने बताया कि इन 10 दिनों में समाज के लोगों ने स्वेच्छा से अपने कारोबार बंद रखे।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम मड़ावरा ने संभाला कार्यभार



**मड़ावरा-ललितपुर।** के मड़ावरा तहसील में नवागंतुक उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र चौधरी ने कार्यभार संभाल लिया है। बता दें कि वह बलिया जिले से यहां आए हैं। उन्होंने मडावरा उपजिलाधिकारी रही रोशनी यादव का स्थान लिया है, जिनका पदोन्नति के बाद अंतर्जनपद स्थानांतरण हुआ है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने शैलेन्द्र चौधरी को मड़ावरा तहसील की जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यभार संभालने के बाद चौधरी ने अधीनस्थों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी से परिचय लिया और कार्यों की समीक्षा की।

### रेलवे कर्मचारी यूनियन की वेतन भत्ता की मांगें

**ललितपुर।** उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन ने महाप्रबंधक उत्तर रेलवे को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मांगों के निराकरण की मांग की है। ज्ञापन में रेलवे कर्मचारियों को आठवीं वेतन आयोग का गठन कर वेतन एवं भत्तों में वृद्धि कराए जाने, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। समान मामलों में न्यायिक राहत का लाभ सभी कर्मचारियों को दिलाया जाए। जिससे रेलवे कर्मचारियों को न्यायिक प्रक्रिया में राहत मिले और उनके अधिकारों का लाभ मिले। पुरानी पेंशन की बहाली मांग की गई। ज्ञापन पर महामंत्री अवनीत कुमार मिश्रा, यूनियन प्रभारी काली, कार्यसमिति सदस्य काली कुमार, संगठन मंत्री इंद्रजीत, विवेक कंचन, सहायक मंत्री संजय गामी, अविन्दर पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### मदनपुर पुलिस ने तीन वारंटी दबोचे

**ललितपुर।** विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे तीन वारंटियों को मदनपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उन्हें जिला कारागार पेश किया गया। मदनपुर पुलिस ने ग्राम उल्दनाखुर्द निवासी भान सिंह पुत्र बहादुर सिंह, सोवरन पुत्र गोकुल यादव, ग्राम दिदौनियां निवासी लाखन सिंह पुत्र टेक को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए करें आवेदन

**ललितपुर।** आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य राजपाल सिंह ने अवगत कराया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ललितपुर, महरौनी, तालबेहट, पाली एवं मड़ावरा में अगस्त-2025 के प्रवेश हेतु चयन सूची राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उ.प्र. लखनऊ द्वारा जारी कर दी गई है। जिसमें प्रथम सूची में चयनित अभ्यर्थियों के प्रवेश की अंतिम तिथि 8 जुलाई निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थी व्यवसाय एवं संस्थान का आवंटन पत्र विभागीय बेवसाइट से डाउनलोड कर संस्थान में समस्त मूल प्रमाण पत्रों, प्रमाणित छायाप्रतियों, चिकित्सा प्रमाण पत्र, प्रथम टीसी, 04 पासपोर्ट साइज फोटो, अपने भरे हुए आवेदनपत्र की छायाप्रति, आवंटन, बुलावापत्र एवं प्रशिक्षण शुल्क, कॉशनमनी सहित संबंधित चयनित संस्थान में उपस्थित होकर प्रवेश लेना सुनिश्चित करें।

### दादी व नाती को सांप ने डसा, दादी की मौत

**ललितपुर।** जमीन पर नाती के साथ सो रही वृद्धा को सांप ने डस लिया, वृद्धा ने सांप को दूर फेंका और नाती के ऊपर जा गिरा और नाती को भी डस लिया। जिससे दोनों की हालत बिगड़ गई। परिजन दोनों को अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। वहीं नाती को अस्पताल में भर्ती कर लिया। इधर घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना जाखलौन अंतर्गत दावनी निवासी 75 वर्षीय फूला बाई पत्नी मल्थू सहरिया अपने 21 वर्षीय नाती गोलू पुत्र गजराज सहित अन्य परिजनों के साथ खेत पर बने कमरे में सो रही थी, तभी सुबह 4 बजे के दम्यान एक सांप ने फूला के हाथ में डस लिया और वह हाथ में ही लिपट गया। सांप के डसने से फूला की नींद खुल गई, उसे हाथ से लिपटे सांप को झटका तो वह गोलू के ऊपर जा गिरा।

---

### शासन की जीरो टॉलरेंस नीति, सम्पूर्ण समाधान दिवस

# जिले के अधिकारियों ने सुनी जनशिकायतें मौके पर करावाया समस्याओं का निस्तारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर




शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पीड़ित को त्वरित न्याय और सुगम निस्तारण की प्राथमिकता पर शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जहां जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने जनपद की दूरस्त तहसील मड़ावरा पहुंचकर जनसुनवाई की और फरियादियों को भरोसा दिलाते हुए सम्बंधित अधिकारियों से समस्या का मौके पर ही निस्तारण कराया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक ही शिकायत की बार-बार पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए, अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें जिलाधिकारी ने बाल विवाह और स्कूल से वंचित बच्चों के बारे में भी चर्चा की, उन्होंने कहा कि बाल विवाह कई समस्याओं का एक प्रमुख कारण है, बच्चियों की छोटी उम्र में शादी होने से उनकी पढ़ाई छूट जाती है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो जाता है। ये बच्चियां पढ़लिख कर देश के लिए बहुत कुछ कर सकती हैं, इसलिए बाल विवाह रोकने के लिए सभी जनपदवासी जिला प्रशासन का सहयोग करें और अपने बच्चों का नामांकन विद्यालयों में अवश्य करायें। जिलाधिकारी ने अन्य अधिकारियों के साथ तहसील परिसर में ही वन महोत्सव एक पेड़ मॉ के नाम-2.0 अभियान के तहत पौधरोपण किया और जनपदवासियों को भी सघर वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया तहसील तालबेहट में मण्डलायुक्त झांसी मण्डल, बिमल कुमार दुबे एवं पुलिस उप महानिरीक्षक केशव कुमार चौधरी ने जनसुनवाई की और फरियादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को शेष प्रार्थना पत्र देकर स्वयं मौके पर जाकर समाधान कराने के निर्देश दिये।

#### 70 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए

तहसील मड़ावरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 70 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 19, विकास के 07, पुलिस के 05, पूर्ति के 10, कृषि के 06, विद्युत के 12, सिंचाई के 02 तथा अन्य विभागों के 09 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 07 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया।तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 112 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 27, पुलिस के 16, विकास विभाग के 09, विद्युत के 07, पूर्ति के 25 तथा अन्य विभागों के 28 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिसमें से 14 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 23 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 08, पुलिस का 01, विकास विभाग के 03 तथा अन्य विभागों के 11 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 03 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया।तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 05, पुलिस के 05, विद्युत के 03 तथा अन्य विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 03 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया।तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 03, पुलिस विभाग के 03, विकास विभाग के 02, पूर्ति के 02, विद्युत का 01, नगर पंचायत का 01 तथा अन्य विभाग के 04 प्रार्थना पत्र शामिल है, प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी गौतम सिंह, उप जिलाधिकारी मड़ावरा शैलेन्द्र चौधरी, तहसीलदार मड़ावरा, क्षेत्राधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

---

### सात मोहर्रम को निकाले गए अलम

# गूंजी हुसैनी शदाएं, दिनभर चला हर मोहल्ले में लंगर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

इस्लामी तारीख सात मोहर्रम को सभी तजियादारों ने निकाले अलम जो दरगाह हजरत बाबा सदनशाह से ईमाम चौक नदीपुरा जलूस के रूप मे काफिला चला। ईमाम चौक पर जहाँ सलाम पेश किया गया और लंगर का एहतमाम किया गया।

हजरत ईमाम हुसैन और उनके साथ शहीद हुए उनके तमाम साथियों की याद को ताजा कर गए। वैसे तो इस्लामी तारीख के हिसाब से चाँद की एक तारीख से दस तारीख तक ईमाम हुसैन की याद मे मुस्लिम समुदाय नियाज कर्बला की शहीदी पढ़ कर उनको याद करते रहतें है, लेकिन सात मोहर्रम को कर्बला के मैदान मे हजरत कासिम बिन हजरत हसन 13 बर्ष की आयु मे शहीद हो गए थे, जो अलम लेकर सात मोहर्रम को कर्बला के मैदान मे गए थे। इसलिए चांद की सात तारीख मुस्लिम समुदाय के लिए विशेष मानी जाती है, जिसमे आज के दिन हर घर मे लंगर और सर्बत पर नियाज दिलाकर लोंगो को प्रसाद के रूप मे दिया जाता है।

अलम के जलूस के दौरान मोहर्रम ताजिया कमेटी के सदर रमजान अली दादा, मोहम्मद नसीम, रज्जब अली, जावेद किरमानी, साकिर मंसूरी, रफीक अली,अकबर अली, इमरान मंसूरी, युसूफ मंसूरी, फरीद अली, हैदर अली, कलीम खान सहित सभी ताजियादार मौजूद रहे।

---

# एसपी ने ली साप्ताहिक परेड की सलामी निरीक्षण में बारीकियां देखी दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर





पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इसके उपरांत परेड का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। रिक्रूट आरक्षियों की जीरो परेड में खड़े होने, सावधान, विश्राम, मार्च करने के सही तरीके, टर्न-आउट, एकसाथ टोली में फॉल-इन होना आदि के विषय में निरीक्षण कर प्रशिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित क्वार्टर गार्द, स्टोर, आर्मरी, कैन्टीन, सीसीटीवी कन्ट्रोल रुम एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को साफ-सफाई व उचित रख-रखाव हेतु निर्देशित किया। इस दौरान एसपी ने आरटीसी मेस का निरीक्षण कर साफ-सफाई रखने, खाने की उच्च गुणवत्ता रखने व मौसमी सब्जियां इस्तेमाल करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने यू.पी. 112 के वाहनों को चेक कर उसमें कार्यरत पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र-अतिशीघ्र पहुंचकर, पीड़ित की हरसंभव मदद कर उसके साथ शिष्टतापूर्वक व्यवहार करना सुनिश्चित करें। आदेश कक्ष में अर्दली रुम के दौरान पुलिस कर्मियों के द्वारा प्रेषित किये गये प्रशिक्षण रजिस्टर, रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का सूक्ष्मता से अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स सुनील भारद्वाज, क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा, क्षेत्राधिकारी मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा व प्रतिसार निरीक्षक समेत अनेकों पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

---

# दर्जनों घरों में पानी घुसने से ग्रामीण बेहाल, खिरिया भारंजू में बारिश बनी आफत, मकानों में आई दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶महरौनी-ललितपुर



गुरुवार रात हुई तेज बारिश ने महरौनी तहसील के ग्राम खिरिया भारंजू में भारी तबाही मचाई। मूसलाधार बारिश के चलते दर्जनों घरों में पानी घुस गया, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई कच्चे खपरैल वाले मकानों में पानी भर गया और घरों में रखा गृहस्थी का सामान बर्बाद हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश उनके लिए आफत बनकर आई है। जहां एक ओर कई घरों में दरारें पड़ गई हैं, वहीं दूसरी ओर लोगों के सामने खाने-पीने तक की समस्या खड़ी हो गई है। जलभराव के कारण अनाज, बिस्तर और आवश्यक सामान पानी में डूब गया है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें अब भुखमरी का डर सताने लगा है। पीड़ितों ने प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि अब तक उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। प्रशासन ने भी कोई मदद नहीं पहुंचाई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने और राहत सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। गांव की स्थिति गंभीर बनी हुई है और लोग टीन-टप्पर या पेड़ों के नीचे शरण लेने को मजबूर हैं। अगर जल्द राहत नहीं पहुंचाई गई, तो हालात और भी बिगड़ सकते हैं।

---

### पोहरी में दीक्षारंभ समारोह आयोजित

# तिलक लगाकर छात्र-छात्राओं को दिया कॉलेज में प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶नरवर

पोहरी महाविद्यालय में प्रवेश उत्सव व दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान नव प्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर महाविद्यालय में प्रवेश दिया गया। साथ छात्रों और संकाय सदस्यों से परिचय कराने के उद्देश्य से यह प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ पवन कुमार श्रीवास्वत द्वारा की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुझे जब अच्छा लगता है कि मेरे या हमारे द्वारा पढ़ाए गए बच्चे अधिकारी या उच्च पदों पर पहुंचकर मिलते हैं कि सर में इस पद पर पदस्थ हूं और आपने मुझे पढ़ाया था। गुरू तो मिट्टी का ही काफी होता हैं इकलव्य व गुरू द्रोर्णाचार्य का भी उदाहरण दिया गया। इस दौरान उन्होंने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को शिक्षा व कैरियर व महाविद्यालय से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. धर्मेंद्र शार्म द्वारा किया गया।, इस मौके पर स्टाफ व छात्र-छात्राए सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### नरवर कॉलेज में मनाया प्रवेश उत्सव व दीक्षारंभ



नरवर नगर में स्थित महाविद्यालय में प्रवेश उत्सव व दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 1 जुलाई से 3 दिवसीय दीक्षारम्भ समारोह का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत 3 जुलाई को नव प्रवेशित विद्यार्थियों का महाविद्यालय में तिलक कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशित विद्यार्थियों को संस्थान की विशिष्ट प्रकृति तथा संस्कृति एवं नवीन परिवेश में सहज महसूस कराने एवं अन्य छात्रों और संकाय सदस्यों से परिचय कराने के उद्देश्य से दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. नवल किशोर द्वारा की गई। इस दौरान उन्होंने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को शिक्षा व कैरियर व महाविद्यालय से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रूपेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। डॉ सुनील शर्मा द्वारा प्राचार्य व उपस्थित नव प्रवेशित छात्रों व का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर स्टाफ व छात्र-छात्राए सहित नारायण बहादुर, कार्यक्रम प्रबंधन शिवराज कुशवाहा, धर्मेंद्र कुशवाहा, भगवान सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

---

# द्वितीय बोर्ड परीक्षा का हो गया समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶शिवपुरी

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल बोर्ड द्वारा सप्लीमेंट्री की पात्रता खत्म कर पहली दफा आयोजित की गई द्वितीय बोर्ड परीक्षा का समापन शनिवार को हायर सेकंडरी के पेपर के साथ हो गया। जिले के 30 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को हायर सेकेंडरी का संस्कृत विषय का प्रश्न पत्र आयोजित किया गया। उक्त परीक्षा में मार्च माह में आयोजित हुई मुख्य परीक्षा मे उक्त विषयों में असफल होने वाले कुल 55 परीक्षार्थी नामांकित थे जिसमें 11 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे।खास बात यह रही कि द्वितीय बोर्ड परीक्षा में जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव के पैनलों ने शिवपुरी ब्लॉक के केंद्रों पर परीक्षा का मुआयना किया लेकिन सभी केदो पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित पाई गई।

**पिछोर में सबसे ज्यादा तो नरवर में कोई परीक्षार्थी नहीं रहा नदारद** जिला परीक्षा प्रभारी वत्सराज सिंह राठौड का कहना है कि माशिमं की द्वितीय बोर्ड परीक्षा का 12एवीं का आखिरी संस्कृत विषय का प्रश्न पत्र बुधवार को जिले के 30 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया गया। इस दौरान 30 केंद्रों पर हुई परीक्षा में कुल नामांकित 55 परीक्षार्थियों में से 44 परीक्षार्थी शामिल हुए।इसके अलावा जिले में 12वीं की संस्कृत की परीक्षा में पिछोर में सबसे ज्यादा 5 परीक्षार्थी तो नरवर और बदरवास में सबसे कम यानी कि कोई भी परीक्षार्थी अनुपस्थित नहीं रहा। कलेक्टर रविंद्र चौधरी के निर्देशन में आयोजित हुई द्वितीय बोर्ड परीक्षा के अंतिम दिन शनिवार को डीईओ विवेक श्रीवास्तव के जिला स्तरीय पैनल शिवपुरी के 3 केंद्रों पर पहुंचे।

**इनका कहना है**

जिले के 30 केंद्रों पर शनिवार को 12वीं की संस्कृत की परीक्षा के साथ द्वितीय बोर्ड परीक्षा का समापन शांतिपूर्ण ढंग से हो गया। पूरी परीक्षा में कोई भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ।

**विवेक श्रीवास्तव,** जिला शिक्षा अधिकारी शिवपुरी

---

### मृतका के परिजनों ने लगाए ससुराल पक्ष पर आरोप

# ससुराल जनों की प्रताड़ना से तंग आकर रानी रघुवंशी ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलारस



अनुभाग अंतर्गत आने वाले ग्राम इंदार में रानी रघुवंशी का विवाह 16 फरवरी 2020 को ग्राम इंदार के विशाल रघुवंशी के साथ संपन्न हुआ था। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग रानी को दहेज के लिए प्रताडित करने लगे और उसके साथ मारपीट करने पर उतारू हो गए। म्रतिका रानी रघुवंशी के पिता अरविंद रघुवंशी निवासी ग्राम आमरोद ने उक्त बात की शिकायत पुलिस थाना इंदार में दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसमें अरविंद रघुवंशी के अनुसार रानी की सास रामवती रघुवंशी, नंद विशाखा रघुवंशी, ससुर राजेश रघुवंशी द्वारा दहेज मांगने के लिए लगातार मारपीट की जाती थी। अत्यंत मानसिक रूप से प्रताडित होकर रानी रघुवंशी ने आत्म हत्या कर ली। उक्त बात की जानकारी परिवार जनों को जब लगी जब रानी की नंद विशाखा रघुवंशी ने रानी की छोटी बहन रविना को फोन लगाकर बताया कि रानी भाभी ने जहर खा लिया है और गुना अस्पताल में उनकी मौत हो गई है। जब परिवार जन गुना अस्पताल पहुंचे तो रानी का शव डेड हाउस में रखा हुआ था। अपनी बेटी की मौत के बाद पिता अरविंद रघुवंशी अपने परिजनों के साथ इंदार पुलिस थाने पहुंचे और बेटी की प्रताड़ना को लेकर हुई मौत के बाद शिकायत दर्ज कराई।

---

### जिले के पीएमश्री स्कूलों के 73 शिक्षकों का तृतीय प्रशिक्षण का समापन

# स्कूलों में बच्चों को सिखाएं सिटीजनशिप स्किल: डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶शिवपुरी

नई शिक्षा नीति 2020 का मकसद है कि शिक्षकों को आधुनिक तकनीक और टिप्स का प्रशिक्षण देकर ट्रेंड किया जाए तभी वह स्कूलों में पहुंचकर बच्चों को बेहतर शिक्षा दे पाएंगे लेकिन सरकारी स्कूलों में इसका क्रियान्वयन प्राइमरी स्तर से होगा तभी नई शिक्षा नीति के तहत सिटीजनशिप स्किल और 21वीं सदी के कौशलों का लाभ मिल सकेगा। यह बात जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने जिले के पीएम श्री स्कूलों के शिक्षकों के तृतीय चरण के पांच दिवसीय प्रशिक्षण के समापन अवसर पर संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर डाइट प्राचार्य एमयू शरीफएजिला योजना अधिकारी रोहिणी अवस्थीएरमसा के एडीपीसी राजाबाबू आर्यएवरिष्ठ व्याख्याता जितेंद्र गुप्ताएसरिता लोधीएप्रशांत गुप्ता व बबलू आदिवासी सहित 4 मास्टर ट्रेनर व 73 प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।



#### भोपाल से आए मास्टर ट्रेनरों ने दिया प्रशिक्षण

जिला योजना अधिकारी व डाइट के प्रशिक्षण प्रभारी रोहिणी अवस्थी ने बताया कि जिले के 21 पीएम श्री स्कूलों के शिक्षकों के तृतीय चरण के प्रशिक्षण का समापन शनिवार को किया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में 5 दिन तक चले प्रशिक्षण में भोपाल से ट्रेनिंग लेकर आए मास्टर ट्रेनर दीप ओझाएकेपी परमारए अवधेश धाकड़ व दिलीप वर्मा द्वारा पीएम श्री स्कूलों के शिक्षकों को 21वी सदी के कौशलएसंवैधानिक मूल्यों और सिटीजनशिप स्किल का प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण डाइट प्राचार्य एमयू शरीफ के निर्देशन में प्रशिक्षण प्रभारी रोहिणी अवस्थी द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षकों से संवाद कर समझाया गया कि शिक्षक को विषय ज्ञान तक सीमित न होकर सामाजिकए सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों में भी दक्ष होना चाहिए।

#### प्रशिक्षण के समापन पर बांटे प्रमाण पत्र

रमसा के एडीपीसी राजाबाबू आर्य ने बताया कि प्रशिक्षण के समापन अवसर पर जिले के 21 पीएमश्री स्कूलों के 73 शिक्षकों को डीईओ विवेकश्रीवास्तवए जिला योजना अधिकारी रोहिणी स्वास्थ्य व राजाबाबू आर्य द्वारा प्रमाण पत्र दिए गए। इस तृतीय चरण के बाद अब पीएमश्री स्कूलों के शेष बचे शिक्षकों का चतुर्थ चरण का प्रशिक्षण अब स्थगित कर दिया गया है। डाइट में सुबह 10रू00 बजे से शाम 5रू30 तक पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।